संसद सदस्यों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राज नाथ सिंह; केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री, श्री अनंत कुमार; केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ. एम्. तम्बिदुरै; केन्द्रीय राज्य मंत्रियों तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री और आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 28 जुलाई, 1956 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण किया था।